कुमार कमलेश,
अपर मुख्य सचिव

अ0शा0प0सं0-81/2020/322/35-1-2020
नियोजन,कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
उत्तर प्रदेश शासन,
209,योजना भवन,लखनऊ
(0522)2238973 / 2238467
(0522)2238967(फैक्स)

दिनांक- 11 अगस्त,2020

प्रिय महोदया,

कृपया अधोहस्ताक्षरी के अ0शा0प0सं0-22/दी0यो0प्र0/2020, दिनाँक 09 जून 2020 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,जिसके अन्तर्गत सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (मॉस्पी), भारत सरकार द्वारा दिनाँक 31 मार्च 2020 को निर्गत "एस0डी0जी0 नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2020" में अपने गोल्स से संबंधित निर्धारित इंडीकेटर्स की प्रदर्शित वैल्यू के अपडेशन एवं जिन इंडीकेटर्स की सूचनाये अपूर्ण है उन्हे वर्ष 2019-2020 तक सूचनाओं को अपडेट करने तथा इसे मास्पी के पोर्टल पर अपलोड कराये जाने तथा वस्तुस्थिति से नियोजन विभाग को अवगत कराने की अपेक्षा की गयी थी। परन्तु उक्त वांछित सूचनाओं की कृत कार्यवाही से अभी तक नियोजन विभाग को अवगत नहीं कराया गया है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध में अपने गोल संख्या-04 से सम्बन्धित निर्धारित इंडीकेटर्स की प्रदर्शित वैल्यू को प्रोग्रेस रिपोर्ट 2020 में दर्शाए गए सोर्स पर अपलोड कराते हुए मॉस्पी से समन्वय स्थापित कर तद्नुसार कृत कार्यवाही से नियोजन विभाग को हार्ड एवं साफ्ट कापी ईमेल (dirppd@nic.in) में अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

(कुमार कमलेश)

श्रीमती रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
बेसिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

पत्रांक एवं दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः

1- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2- स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in